दोपहर का
सामना
हिंदी सामना

दोपहर का
सामना
हिंदी सामना

लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को मिला जेसीआई 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल'

March 4, 2026

सामना संवाददाता / मुंबई

लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एलएचआरसी) ने प्रतिष्ठित ज्वाइंट कमिशन इंटरनेशनल का 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' प्राप्त किया है। यह मान्यता मरीजों की सुरक्षा, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और संस्थागत प्रबंधन के लिए दुनिया भर में माना जाने वाला सर्वोच्च मानक है। 8 से 12 दिसंबर 2025 के बीच तीन अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षकों द्वारा किए गए कड़े मूल्यांकन के बाद यह सफलता मिली है। इसके साथ ही लीलावती अस्पताल अब दुनिया के उन चुनिंदा अस्पतालों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो वैश्विक स्तर की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का पालन करते हैं।

जेसीआई मान्यता अस्पताल की मरीज-केंद्रित देखभाल, क्लीनिकल उत्कृष्टता, निरंतर गुणवत्ता सुधार और स्टाफ के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को प्रमाणित करती है। मूल्यांकन के दौरान मरीजों के इलाज तक पहुंच, सर्जरी सुरक्षा, दवा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, प्रशासनिक व्यवस्था, सुविधाओं का प्रबंधन और गुणवत्ता की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की गहराई से समीक्षा की गई।

जेसीआई के 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' को स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे व्यापक और सख्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है। यह मान्यता अस्पतालों को एक अलग पहचान (प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त) देती है और बीमा कंपनियों व पेशेवर संगठनों के बीच उनकी विश्वसनीयता को और मजबूत करती है। साथ ही, यह संस्थानों को एक भरोसेमंद और उच्च मानकों वाले संगठन के रूप में विकसित होने, स्टाफ की ट्रेनिंग को बेहतर बनाने और गुणवत्ता व मरीज सुरक्षा के वैश्विक विशेषज्ञों से जुड़ने का मौका प्रदान करती है।

लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के स्थायी ट्रस्टी श्री राजीव मेहता ने कहा, "जेसीआई मान्यता के साथ, एलएचआरसी ने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। यह उपलब्धि दिखाती है कि हमारा संस्थान कड़े अंतरराष्ट्रीय पैमानों का पालन करते हुए हर मरीज को विश्वस्तरीय इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मान्यता के साथ हम दुनिया के उन प्रतिष्ठित अस्पतालों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्हें बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सबसे भरोसेमंद माना जाता है।"